@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Monday, 03 November 2025 PRGI No. - T/RJ/BIL/00000020| Vol 1 | Issue No.- 59| Pages 04 | `3.00



## World Cup Final: Team India became world champions, crushed South Africa

New Delhi: India Women vs South Africa Women, Highlights, Women's World Cup 2025 Final: Team India's 52-year wait is over. Captain Harmanpreet Kaur and her team have won the World Cup 2025 title. In the final, Team India defeated South Africa by 52 runs, becoming world champions for the first time. Furthermore, after 25 years, a new team has become world champion. Harmanpreet Kaur has become the third Indian captain to win the ODI World Cup. Before her, only Kapil Dev and MS Dhoni had won the World Cup for India in men's cricket. In the final played in Navi Mumbai, Team India, batting first, posted a formidable total of 298 runs for the loss of 9 wickets. Young opener Shafali Verma, who had made it to Team India in the semi-final, proved to be a major star in the final, scoring an explosive 87. Deepti Sharma also made a significant contribution with 58 runs. In response, South African captain Laura Wolvaardt scored a brilliant century and remained a thorn in Team India's path. However, Deepti took five wickets, including Wolvaardt, and effected a run-out, leading Team India to the title. The entire South African team was bowled out for 246 runs.

## Rajasthan Emerging as a Leader in Implementing New Criminal Laws: CM Bhajanlal

**"Judiciary is the strongest pillar of democracy, advocates are the architects of justice"**

FAIR REPORT

**Jaipur,:** Chief Minister Bhajanlal Sharma reaffirmed Rajasthan's commitment to judicial reform and good governance, declaring that the state is emerging as a national leader in the implementation of India's new criminal laws — the Bharatiya Nyaya Sanhita, Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, and Bharatiya Sakshya Adhiniyam.

Addressing the inauguration of the newly constructed Rajasthan Bar Council building in Jodhpur via video conference from the Chief Minister's residence, Shri Sharma described the judiciary as the strongest pillar of democracy and the guardian of citizens' rights and security. He said a robust judicial system ensures equality and trust — the foundation of a just society. The Chief Minister



emphasized that district-level courts are being expanded and new judges appointed to ensure timely justice. "Development is meaningful only when it is just and inclusive," he remarked, assuring full government support for advocates' welfare and the strengthening of the Bar Council. Calling lawyers "the architects of justice and public trust," Shri Sharma said their intellect, integrity, and commitment uphold the rule of law. "The people's faith in the judiciary is democracy's greatest strength, and strengthening that faith is our collective duty," he added.

The Jodhpur event was attended by Supreme Court Justice Sandeep Mehta, Justice Vijay Bishnoi, Acting Chief Justice Sanjeev Prakash Sharma, and several eminent members of the legal fraternity.

### Bhajanlal Sharma hails judiciary at inauguration

**Jaipu:** Chief Minister Bhajanlal Sharma on Sunday hailed the judiciary as the "strongest pillar of democracy" while addressing, via video conference from the Chief Minister's residence, the inauguration of the newly constructed Rajasthan Bar Council building in Jodhpur. emphasized that a strong judicial system ensures citizens' safety, equality, and trust in governance, noting that Rajasthan is emerging as a frontrunner in the implementation of India's new criminal laws — the Bharatiya Nyaya Sanhita, Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, and Bharatiya Sakshya Adhiniyam.

India to Conduct Landmark Tri-Services Exercise 'Trishul 2025' —

## A Display of Integrated Military Might

**New Delhi**: In a major stride towards strengthening joint operational readiness, India is set to conduct its upcoming Tri-Services Exercise 'Trishul 2025' (TSE-2025) — a large-scale military drill that will bring together the Army, Navy, and Air Force for integrated, multi-domain operations across land, sea, and air. The exercise, to be held at strategically vital locations across the Indian coastline and border regions, aims to enhance interoperability, real-time coordination, and unified command structures among the three services. 'Trishul 2025' is expected to simulate complex combat scenarios, including amphibious landings, precision air strikes, maritime surveillance, electronic warfare, and joint logistics operations. Defence officials have confirmed that the drill will also feature cutting-edge indigenous platforms such as the Tejas fighter jet, INS Vikrant, Arjun Mk-1A tanks, and drones developed under the Make in India initiative, underscoring India's self-reliance in defence capability. A senior Ministry of Defence official stated, "Trishul 2025 reflects India's commitment to integrated warfare readiness and technological synergy among the three wings of its armed forces."

## The Death of Amayra: When Classrooms Turn Into Crime Scenes — Rajasthan's Failing Education System Exposed

FAIR REPORT
HEMRAJ TIKAM
CHAND TIWARI

**Jaipur, November 2**

When a nine-year-old dies inside a school, the blackboard becomes a witness — and silence, the accomplice. The tragic death of Amayra, a class 4 student of Jaipur's elite Neerja Modi School, is not merely an accident. It is a chilling indictment of how institutions built to protect children have become profit empires shielded by power, corruption, and apathy. This isn't just one family's grief. It's a mirror held up to Rajasthan's education system — a reflection of everything that has gone wrong when money, influence, and indifference converge under the guise of learning.



### The Anatomy of Negligence

According to the Joint Parents' Association of Rajasthan, the school management failed to inform the police immediately after the incident, washed the premises to destroy evidence, and refused to cooperate with the investigation.

"When a child dies within school premises, accountability is not optional — it's a legal and moral duty," said Abhishek Jain 'Bittu', state spokesperson of the association. "But here, instead of responsibility, we saw resistance. Instead of remorse, we saw cover-ups."

The association has demanded immediate derecognition of the school, terming its conduct criminal in nature. Their allegation: the institution not only concealed facts but also violated the NCPCR (National Commission for Protection of Child Rights) guidelines, which explicitly prohibit school buildings exceeding three floors. The Neerja Modi School, parents claim, operates across five or more floors — a clear and deliberate violation.

### Bureaucracy and the Business of Education

The Parents' Association has raised three damning questions that strike at the heart of Rajasthan's regulatory machinery:

1. Was a valid Safety Certificate ever verified before granting recognition?

2. Was the school's building plan approved by JDA or Nagar Nigam in compliance with NCPCR norms?

3. Were officials unaware that multi-storey schools are illegal — or were they simply paid to look away?

These are not procedural oversights; they are symptoms of a system that protects violators instead of victims. Education officials who were meant to safeguard children's lives have, in many cases, become silent partners in the commercialization of education.

"It appears that many private institutions enjoy bureaucratic and political protection," the association stated. "Education has turned from a sacred responsibility into a lucrative business — and children are paying the price."

### Power, Politics, and Protection

The school in question, according to the association, is run by the son of a sitting MLA and registered under the MLA's daughter's name — an arrangement that reeks of influence and impunity. "No investigation can be fair when political power dictates its direction," said Jain, urging the government to revoke the school's recognition and initiate criminal proceedings. When politicians' families run schools that flout safety norms, and the education department bows in silence, justice becomes a privilege, not a principle.

### The Parasite Within

As Arvind Agarwal, President of the Joint Parents' Association, put it:

"Every year, students die or take their own lives in Rajasthan's schools — and every year, the system looks away. The problem isn't fate. It's corruption."

That corruption now eats through the education system like a parasite feeding on public trust — invisible, entrenched, and deadly. From ignored safety rules to manipulated licenses, from bureaucratic complacency to political patronage, every layer of governance has failed the child it was meant to protect.

### When Ethics Leave the Classroom

Once upon a time, schools were called temples of learning. Today, they stand as towers of greed, where fees rise faster than values and where safety is treated as an afterthought. If Rajasthan's government continues to look the other way, Amayra will not be the last. Her death will remain a silent reminder that in this state, education has become a business — and children, its collateral damage. The question now is not what happened to one girl. The real question is — what has happened to us?

## डोटासरा ने दिए पत्रकारों के सवालों पर जवाब : कहा- अंता सीट पर निर्दलीय नरेश मीणा से कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं है

# 'दम नहीं है मोदी जी के गमछा हिलाने में, गमछा तो मैं हिलाता हूं'

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बिहार चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया में गमछा हिलाने पर कहा- हिल नहीं रहा है, दम नहीं है मोदी जी के गमछा हिलाने में, गमछा तो मैं हिलाता हूं। गमछा हिलाने से राजस्थान लोकसभा चुनाव में टक-टक 11 सीटें आई थी। मोदी जी का अब गमछा कमजोर पड़ गया है। वे विदेशों में घूम कर अपना समय व्यतीत कर रहे हैं। डोटासरा ने कहा- अंता सीट पर निर्दलीय नरेश मीणा से कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं है। नरेश मीणा तो चाहता है कि मुझे पहले एमएलए बना दो फिर तुम राज करो। डोटासरा रविवार शाम को अंता जाते हुए टोंक के पक्का बंधा रुके यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। डोटासरा ने कहा- मोदी जी विदेश घूमने में व्यस्त हैं। प्रदेश में पर्ची के माध्यम से एक ऐसे व्यक्ति को बिठा दिया जो उनसे मिलने में ही डरते हैं। उनको चैलेंज ही नहीं कर सकते हैं। प्रदेश का मुख्यमंत्री यदि प्रधानमंत्री से मिलने में ही डरे तो वह प्रधानमंत्री से प्रदेश के लिए क्या ला सकते हैं। यह आप जानते हैं।

पत्रकारों ने डोटासरा से मेवाराम जैन की कांग्रेस में वापसी को लेकर उठ रहे विरोध को लेकर सवाल पूछा तो डोटासरा ने जवाब नहीं दिया। जवाब में उन्होंने नाश्ते के लिए टेबल पर रखे काजू हाथ में लेकर पत्रकारों की ओर कर दिए। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म कर दी। डोटासरा ने नरेश मीणा के मोरिया बुलाने के बयान पर कहा- मोरिया तो मैं बुलाऊंगा, कांग्रेस जीतेगी, नरेश मीणा अपने मन में आए जो बोल रहा है। अशोक चांदना के लिए क्या बोल रहा है भाया के लिए क्या बोल रहा है। वह नरेश मीणा का अपना विवेक है। उसमें हम क्या कर सकते हैं। जनता सब देख रही है। चुनाव हो जाएगा, चुनाव का परिणाम भी आ जाएगा, सब सामने आ जाएगा।



### नीरजा मोदी मामले में जांच हो

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने नीरजा मोदी स्कूल में हुए हादसे पर कहा- यह घटना कैसे हुई, ऐसा संस्थान जहां पर दो-ढाई लाख रुपए फीस देकर बच्चों का दाखिला किया जाता है। इतने रेपुटेड संस्थान में घटना आश्चर्यजनक है। प्रदेश की एक बेटी का इस तरह जाना, इससे बड़ा दुख नहीं हो सकता है। इस मामले की विस्तार से जांच होनी चाहिए जांच में जो भी दोषी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। डोटासरा ने जैसलमेर बस हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि, जैसलमेर बस हादसे के बाद सरकार गाइडलाइन जारी नहीं कर रही है। किसी एक इंस्पेक्टर या अधिकारी कार्मिक को निलंबित करने से कुछ होने वाला नहीं है। उन्होंने निकाय चुनाव नहीं कराने पर भी सरकार पर हमला बोला। साथ ही कहा कि शिक्षा मंत्री कुछ भी बोल रहे हैं, सीबीएसई स्कूल इनके अंडर नहीं आती तो ये एक ड्रेस कैसे करवाएंगे।

## नीरजा मोदी स्कूल से डर रही सरकार : प्रताप



**FAIR REPORT**
**जयपुर**

शहर के नीरजा मोदी स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा अमायरा की मौत के मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान सरकार नीरजा मोदी स्कूल से डर रही है, इसलिए अब तक स्कूल प्रशासन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। खाचरियावास ने कहा कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी न तो एफआईआर दर्ज हुई और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी को हिरासत में लिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन ने जांच टीम को एंट्री तक नहीं दी और सबूत मिटाने के लिए खून के धब्बे तक धो दिए। फिर भी सरकार चुप बैठी है, जो इस मामले में मिलीभगत की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि यह हादसा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर में हुआ है। ऐसे में मुख्यमंत्री को उस मासूम बच्ची के घर जाना चाहिए था।

## नीरजा मोदी स्कूल मामला : दिलावर पीड़िता के परिजनों से मिले

# जांच बाधित करने की कोशिश की तो होंगे गंभीर परिणाम

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

शहर में शनिवार को नीरजा मोदी स्कूल की छात्रा के चौथी मंजिल से कूदने मामले में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- स्कूल प्रशासन ने शिक्षा अधिकारियों को जांच से रोकने की कोशिश की है तो स्कूल को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अगर किसी ने जांच में सहयोग नहीं किया तो भविष्य में स्कूल के खिलाफ होने वाली कार्रवाई देखने लायक होगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- सरकार जांच कर रही है कि स्कूल को किस नियम के तहत एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) दी गई। वहीं सीबीएसई ने उसे मान्यता किस आधार पर दी। दिलावर ने कहा- प्रतिष्ठित निजी स्कूल में ऐसा हादसा होना आश्चर्यजनक है। सरकार मामले के हर पहलू की गहराई से जांच करवा रही है। ताकि हकीकत का पता चल सके।



इस दर्दनाक घटना को लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह घटना बेहद चिंता का विषय है। दिलावर ने कहा- सभी बिंदुओं पर शिक्षा विभाग और सीबीएसई दोनों स्तर पर जांच जारी है। जल्द ही जांच के तथ्य हमारे सामने आएंगे। अगर स्कूल प्रशासन किसी भी स्तर पर गलत साबित होता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा- अगर यह बात सही पाई गई कि स्कूल प्रशासन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जांच से रोकने की कोशिश की है तो स्कूल को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। अगर किसी ने जांच में सहयोग नहीं किया तो भविष्य में स्कूल के खिलाफ होने वाली कार्रवाई देखने लायक होगी। सरकार किसी भी दबाव में नहीं आएगी। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने बताया- रविवार को मैंने पीड़ित बच्ची के घर पहुंच परिजनों से मुलाकात की। परिजनों से बातचीत में जो बातें सामने आई हैं, उन्हें भी जांच का हिस्सा बनाया जाएगा। दिलावर ने कहा कि जांच के निष्कर्षों के बाद ही सरकार स्कूल प्रशासन के खिलाफ अगला कदम तय करेगी। मदन दिलावर ने स्पष्ट कहा कि यह मामला सिर्फ नीरजा मोदी स्कूल तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के सभी निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग की गाइडलाइन के अनुरूप ही संचालन करना होगा। अगर किसी भी स्कूल ने नियमों की अनदेखी की या विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया तो उसके खिलाफ नियमों के तहत सख्त कार्रवाई होगी। सरकार किसी भी स्तर पर अनियमितताओं या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगी। शिक्षा विभाग और सीबीएसई की टीम संयुक्त जांच कर जल्द ही शिक्षा मंत्री को रिपोर्ट सौंपेंगे।

## ब्रीफ खबरें

### रावत ने पुष्कर मेले में किया विकास प्रदर्शनी का शुभारम्भ



**जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान कृषि एवं उद्यान विभाग के डॉ के.पी. सिंह उपनिदेशक उद्यान ने बगीचे में ऑटोमेशन तकनीक की मशीन के बारे में बताया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद संजय तनेजा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला 2025 में कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें विभागीय योजनाओं के अनेक मॉडल प्रदर्शित किए गए है। जो किसानों के लिए रुचिकर बने हुए है। राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजना फार्म पौंड और तारबंदी योजना, सोलर पंप योजना के मॉडलों ने किसानों अपनी और आकर्षित किया है। इसके अतिरिक्त जल हौज, ग्रीन हाउस, बूंद-बूंद सिंचाई योजना, मिनी स्प्रिंकलर, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना में वर्मी कंपोस्ट, प्याज भंडारण, शेड नेट हाउस, प्रो ट्रेज मे सैंपलिंग, फलदार बगीचा मॉडल, प्लास्टिक मल्च, लो टनल मे खेती, गुलाब की प्रोसेसिंग यूनिट, एजोला, वर्मी कंपोस्ट, रुफ टॉप गार्डेनिंग, रोटावेटर, सीड ड्रिल, हैरो,कृषि यंत्र के मॉडल, प्राकृतिक खेती में जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र जैसे प्राकृतिक जैव उर्वरक, जैव कीटनाशी का कृषि मे उपयोग आदि योजनाओं पर विभाग द्वारा सजीव एवं प्रैक्टिकल मॉडल बना कर किसानों के लिए प्रदर्शित किया गया है जो जनता व किसानों को पसंद आया है।

### प्रदेश में डेयरी सेक्टर का मुनाफा हुआ दस हजार करोड़ रुपए



**जयपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल रही है। राज्य में दुग्ध उत्पादन और पशु आहार का वार्षिक कारोबार 8 हज़ार करोड़ रुपए से बढ़कर 10 हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष हो गया है। इस वृद्धि को किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। राज्य की डेयरियों के मुनाफे में पिछले साल के मुकाबले 46 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी पिछले 47 सालों में सबसे ज़्यादा है। 24 में से 15 दुग्ध संघ, जो पहले घाटे में चल रहे थे, अब मुनाफे में हैं। राज्य सरकार का कहना है कि यह बदलाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विश्वास और किसानों की भागीदारी का नतीजा है। राज्य की डेयरी प्रसंस्करण क्षमता में भी लगातार विस्तार हो रहा है। पिछले वर्ष 48 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता अब बढ़कर 52 लाख लीटर प्रतिदिन हो गई है। सरकार का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष के अंत तक इसे 65 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंचाने का है। इससे प्रदेश की दुग्ध उत्पादन, संग्रहण और वितरण प्रणाली और सशक्त होगी। पिछले एक वर्ष में राज्य में 1,000 नई डेयरी सहकारी समितियों का गठन किया गया है। साथ ही 2,000 संकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं और 1 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादकों को सहकारी नेटवर्क से जोड़ा गया है।

### चिकित्सा विभाग औषधि गुणवत्ता को लेकर दिखा रहा है सख्ती

**जयपुर।** औषधि गुणवत्ता को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग लगातार सख्त कदम उठा रहा है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में लगातार प्रदेश में दवा निर्माताओं एवं विक्रेताओं के यहां निरीक्षण कर नमूने लिए जा रहे हैं एवं कमियां पाई जाने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदेश में 24 फर्मों का निरीक्षण कर करते हुए लेवोसेट्रीजीन डाईहाईड्रोक्लोराईड (विनसेट-एल) टेबलेट के स्टॉक पर रोक लगाई गई है एवं करीब 20 लाख रुपए की दवाएं जब्त की गई हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत दिनों देशभर में विभिन्न दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सामने आई स्थिति के बाद प्रदेश में औषधि नियंत्रण आयुक्तालय द्वारा दवा निर्माताओं एवं विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया जा रहा है। दवाओं के नमूने लेकर क्वालिटी जांच की जा रही है एवं किसी भी तरह की शिकायत सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## बीजेपी सरकार में मंगला पशु बीमा योजना कागजों तक सीमित हो गई : टीकाराम जूली

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- 'मंगला पशु बीमा योजना' कागजों में चल रही है। जूली ने कहा- हमारी सरकार में 80 लाख पशुओं का बीमा पंजीकरण हुआ था। लेकिन बीजेपी शासन में यह घटकर सिर्फ 20 लाख रह गया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने रविवार को कहा- बीजेपी सरकार नेघोषणा पत्र में किए वादे 'मंगला पशु बीमा योजना' को अब तक पूरी तरह लागू नहीं किया। जूली ने कहा कि यह योजना अब कागजों और बयानों तक सीमित रह गई है। जबकि बीजेपी ने 2023 के चुनावों से पहले पशुपालकों के हित में इसे बड़ी योजना के रूप में प्रचारित किया था।



नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई कामधेनु पशु बीमा योजना के तहत पंजीकरण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी थी। केवल सर्वे का काम शेष था। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आते ही योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। करीब एक साल तक कोई नई बीमा योजना लागू नहीं की गई। इस देरी से लाखों पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने कहा कि 2024-25 की बजट घोषणा को सरकार ने बेहद धीमी गति से लागू किया। अब 2025-26 के बजट में सिर्फ बीमा सीमा बढ़ाने का दावा करके लोगों को भ्रमित किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आरोप लगाया- अब तक करीब 9 हजार पशु बीमा दावे दर्ज हुए हैं। इनमें से सिर्फ 700 दावे ही स्वीकृत किए गए हैं। जो 10 प्रतिशत से भी कम हैं। उन्होंने कहा- यह आंकड़े बीजेपी के वादों और उनकी जमीनी हकीकत के बीच की खाई को साफ दिखाते हैं। जूली ने कहा कि राजस्थान देश का दूसरा सबसे बड़ा पशुधन वाला राज्य है। लेकिन बीजेपी सरकार ने इस वर्ग को सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखा है। सरकार की यह नीति किसानों और पशुपालकों के प्रति उसकी असंवेदनशीलता को उजागर करती है।

## शिक्षा मंत्री ने सालासर में रामकथा में की शिरकत

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रविवार को चूरू जिले के सालासर बालाजी मंदिर और सालासर में सृजन सेवा सदन में आयोजित रामकथा में भाग लिया तथा धार्मिक कार्यक्रम में अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट की। इस दौरान दिलावर ने कथावाचक स्वामी श्रवणानन्द सरस्वती महाराज से सप्रेम भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया और रामकथा के माध्यम से दिए जा रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक संदेशों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देने वाला संस्कार पर्व है। दिलावर ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की दिशा में अग्रसर करते हैं। उन्होंने आयोजकों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों और सामाजिक योगदान की प्रशंसा की। ऐसे आयोजन जनमानस में सकारात्मक सोच और भक्ति भावना का संचार करते हैं। कथा स्थल पर दिलावर का चमड़िया ग्रुप के सदस्यों ने बालाजी का दुपट्टा ओढ़ाकर और बालाजी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मदन दिलावर ने सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मंदिर पुजारी ने बालाजी का चित्र एवं दुपट्टा भेंट कर मंत्री दिलावर का स्वागत किया।

## राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे : मुख्यमंत्री ने समारोह को जनभागीदारी से जोड़ने का आह्वान किया

# प्रदेशभर में 7 नवंबर को मनाया जाएगा उत्सव

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में भव्य उत्सवों के आयोजन की घोषणा की है। स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की ऐतिहासिक भूमिका को ध्यान में रखते हुए देश एवं प्रदेश स्तर पर व्यापक जनभागीदारी वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने प्रदेश स्तरीय एवं संभाग स्तरीय टोलियों का गठन किया है। भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी को वंदे मातरम 150वां वर्ष कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। जबकि युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री प्रेम सिंह बनवासा एवं प्रीति शर्मा को प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



संयोजक भूपेंद्र सैनी ने बताया कि जयपुर संभाग में रघुनाथ नरेडी, भरतपुर संभाग में भानू प्रताप सिंह, जोधपुर संभाग में महेंद्र बोहरा, अजमेर संभाग में अजीत मेहता, बीकानेर संभाग में महावीर रांका और उदयपुर संभाग में कमलेश पुरोहित को संयोजक बनाया है। प्रदेशभर में देशभक्ति, स्वदेशी भावना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संगठन और सरकारी स्तर पर आयोजन किए जाएंगे।

सैनी बोले- 7 नवंबर को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भव्य प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें लगभग 50,000 से अधिक आमजन एक साथ 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश स्तरीय टोली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट की और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आवश्यक सहयोग का आश्वासन देते हुए कार्यक्रम को जनभागीदारी से जोड़ने का आह्वान किया। सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज रविवार को एक बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और सभी स्तरों पर समन्वय बनाए रखने पर चर्चा की गई। अभियान के तहत संभाग, जिला, नगरीय निकाय, पंचायत राज संस्थान, स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, अस्पताल एवं पुलिस थानों सहित राज्यभर में कार्यक्रम किए जाएंगे। वहीं, संगठन स्तर पर 150 स्थानों पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसदों की उपस्थिति में हर जिले के एक कॉलेज में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके साथ ही वंदे मातरम आधारित प्रदर्शनी, सोशल मीडिया जनजागरण अभियान एवं राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला भी आयोजित की जाएगी।

## ब्रीफ खबरें

### आध्यात्मिक यात्रा से धार्मिक मेले का आगाज, घाटों पर उमड़े भक्त



**अजमेर।** अंतरराष्ट्रीय तीर्थ पुष्कर में रविवार को आध्यात्मिक यात्रा से धार्मिक मेले का आगाज हुआ। तिथि क्षय के कारण धार्मिक मेला 2 से 5 नवंबर तक ही रहेगा। एकादशी से पूर्णिया तक लाखों श्रद्धालु पुष्कर के पवित्र सरोवर में डुबकी लगाएंगे। देश भर से संत, महंत आदि आएंगे। रविवार को आध्यात्मिक यात्रा में विभिन्न धर्मों के लोग, संत, महंत, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। आध्यात्मिक यात्रा पुष्कर में गुरुद्वारे के सामने गायत्री मंदिर से शुरू हुई। यात्रा नए रंगजी मंदिर से होते मेला स्टेडियम पहुंची। रास्ते में विभिन्न संगठनों ने फूल बरसाए। कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, नगर परिषद अध्यक्ष कमल पाठक भी यात्रा में शामिल हुए। लोक कलाकारों ने रास्ते में कला का प्रदर्शन किया। कच्छी घोड़ी और कालबेलिया नृत्य के साथ स्वांग रचे। लोक कलाकारों ने वाद्य यंत्र बजाए। मंत्री रावत ने कहा कि आध्यात्मिक यात्रा में बड़ी संख्या में संत, महंत शामिल हुए। आध्यात्मिक यात्रा मेला ग्राउंड पहुंची तो रावत ने संत-महंतों का अभिनंदन किया और आशीर्वाद लिया। बता दें कि, हिंदू धर्म में कार्तिक स्नान का खास महत्व है। महिलाएं सुबह ठंडे जल से स्नान करती हैं। कई महिलाएं स्नान के लिए पुष्कर आती हैं। एकादशी से पूर्णिमा तक स्नान का विशेष महत्व है।

### ड्रोन के जरिए तस्करी, बीएसएफ ने पकड़ी ढाई करोड़ की हेरोइन



**श्रीगंगानगर।** यहां भारत-पाक सीमा पर एक बार फिर ड्रोन के ज़रिए हेरोइन तस्करी की कोशिश को बीएसएफ ने नाकाम कर दिया। बीएसएफ की 118 बटालियन की बीओपी आनंदसर क्षेत्र में ड्रोन गतिविधि की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। गांव 23ओ के पास पीले रंग का एक पैकेट बरामद हुआ, जिसमें आधा किलो हेरोइन बरामद हुई। इस घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ढाई करोड़ रुपए आंकी जा रही है। हालांकि इसके अलावा कोई अन्य संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बता दें की ड्रोन के माध्यम से पाकिस्तानी तस्कर भारतीय सीमा में हेरोइन के पैकेट गिराते हैं, जिन्हें भारतीय तस्कर उठा लेते हैं और बाद में पंजाब सहित अन्य राज्यों में सप्लाई की जाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो हेरोइन की कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए बताई जाती है। श्रीगंगानगर एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि घटना के बाद आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान तेज कर दिया।

### ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत पुलिस ने पकड़े 61 साइबर ठग



**डीग।** पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत कार्रवाई करते हुए 61 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 33 मोबाइल फोन, 65 फर्जी सिम कार्ड और 22 एटीम कार्ड बरामद किए गए हैं। इनके कब्जे से लग्जरी गाड़िया भी जब्त की गई। एसपी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि अभियान के तहत डीग के गांव हेबतका और नवदा में 5 घंटे सर्च ऑपरेशन चलाकर 61 ठगों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भोले-भाले लोगों के साथ ठगी को अंजाम देते हैं। ठगी से अर्जित रकम से यह आलीशान मकान बनाते हैं। साथ में लग्जरी गाड़िया खरीदकर शोक-मौज करते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 3 माह में हमने 600 के करीब साइबर ठगों को पकड़कर सलाखों के पीछे डाला है। इस तरह हमने साइबर ठगी के अनुपात को घटाया है। पिछले साल की तुलना में 42 हजार लोकेशन अब घटकर चौथाई रह गई हैं। हमारी टीम 1930 साइबर सेल शिकायत के अनुसार करवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरह से प्रत्येक व्यक्ति इलाके में कम से कम 5 पांच पांच रुपए की ठगी को अंजाम दे चुका है। जिसका औसतन करोड़ों में जाता है। एसपी ने बताया कि आरोपी लगातार 4 वर्षों से ऐसे ठगी के मामलों में लिप्त हैं। एसपी के अनुसार आरोपी ठगी के लिए अनेक तरीके इस्तेमाल करते हैं।

### उपप्रधान के पति ने बेटों के साथ मिलकर की हिस्ट्रीशीटर की हत्या



**डूंगरपुर।** जिले के धंबोला थाना क्षेत्र के लिखी मार्ग पर शनिवार रात सीमलवाड़ा उपप्रधान के पति ने आपसी रंजिश के चलते अपने बेटों के साथ मिलकर एक हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर दी। वहीं, वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि लिखी बड़ी निवासी भूपेश सिंह व सीमलवाड़ा उपप्रधान के पति जीवराम अहारी के बीच कोई पुरानी रंजिश चली आ रही थी। शनिवार रात को सीमलवाड़ा उपप्रधान के पति जीवराम अहारी ने अपने बेटों के साथ लिखी मार्ग पर बाइक से जा रहे भूपेश को रोका और उसके साथ मारपीट करते हुए उसकी हत्या कर दी। वहीं, मौके से आरोपी फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिली थी कि लिखी मार्ग पर लहूलुहान हालत में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक की पहचान लिखी बड़ी गांव निवासी भूपेश सिंह के रूप में की, जो कि धंबोला का हिस्ट्रीशीटर भी है।

## बाड़मेर में खत्री समाज के 19 और कुचामन में कुमावत समाज के 15 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

# देवउठनी एकादशी के साथ ही प्रदेश में शादी-विवाहों की धूम

**FAIR REPORT**
**बाडमेर**

देवउठनी एकादशी के साथ ही प्रदेश में शादी-विवाहों की धूम शुरू हुई। इसके साथ ही सामूहिक विवाह सम्मलेन भी आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को बाड़मेर में खत्री समाज के 19 और कुचामन में कुमावत समाज के 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। बाड़मेर खत्री सामूहिक विवाह संस्थान की तरफ से रविवार को खत्री समाज का छठा सामूहिक विवाह महोत्सव कुशल वाटिका में धूमधाम से आयोजित हुआ। यहां 19 मंडपों में मंत्रोच्चार के बीच 19 जोड़ों ने एक साथ वैवाहिक बंधन में प्रवेश किया। समाज के लोगों ने नवदंपतियों को दैनिक उपयोग की वस्तुओं, वस्त्रों और आभूषणों के साथ विदा किया।

इस अवसर पर समारोह स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया। विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, आदूराम मेघवाल, रविंद्र सिंह भाटी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष स्वरूप सिंह खारा और पीसीसी सचिव आजाद सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य व्यक्ति जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को बधाई दी और उनके मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं ने इस आयोजन को अच्छी




पहल बताया और अन्य समाजों को इससे प्रेरणा लेने की बात कही।संस्थान के मीडिया प्रभारी कन्हैया लाल डलोरा ने बताया कि फिजूलखर्ची से बचने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहारा देने के उद्देश्य से सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। संस्थान के मुख्य संरक्षक नंदकिशोर छूंछा ने बताया कि अब तक 6 सफल सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए हैं। जिनमें करीबन 200 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है।

### शादी में मतदान करने की दिलाई शपथ

कुचामन में कुमावत समाज के 15वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस विवाह समारोह में हजारों लोगों को आगामी पंचायत व नगरीय चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कुमावत समाज अध्यक्ष राजकुमार फौजी ने बताया कि कुचामन कुमावत समाज द्वारा आर्थिक व्यवस्था में सुधार करने और समाज में अच्छी पहल कायम करने के लिए 2008 से सामूहिक विवाह सम्मलेन का आयोजन कर रहा है। अब तक कुल 213 जोड़ों का विवाह हो चुका है। इस बार 15 जोड़े शादी के बंधन से बंधे। समिति सदस्य देवीलाल दादरवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य फिजूलखर्ची को रोकना है। उन्होंने कहा कि शादी जैसे कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची करने के बजाए बच्चों को शिक्षित करना चाहिए। युवा नेता ओम प्रकाश कुमावत ने कहा कि गत वर्षों से समाज के युवाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी नाम रोशन किया है। हमारे समाज के सैकड़ों युवक-युवतियां सरकारी सेवाओं में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

## दो सड़क हादसों में एक पुजारी और एक महिला की मौत, 2 घायल

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो जनों ने गंवाई जान

**FAIR REPORT**
**बूंदी**

जिले में रविवार को कुछ ही घंटों के फासले पर दो भयावह सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक पुजारी की जान चली गई। भेरूजी के दर्शन कि लिए निकले एक दंपती की खुशियां मातम में बदल गई, वहीं मीणा समाज के पुजारी के निधन से पूरा समाज शोकाकुल हो गया। सदर थाना क्षेत्र के चित्तौड़ रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप के निकट दोपहर करीब दो बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। रोहित सिंह और उनकी पत्नी शालिनी हट्टीपुरा स्थित भेरूजी मंदिर के दर्शन के लिए मोटरसाइकिल पर निकले थे। रास्ते में पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी प्रबल थी कि शालिनी (28 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रोहित गंभीर रूप से घायल हो गए।



### परिवार और गांव में मच गया कोहराम

दोनों को फौरन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शालिनी को मृत घोषित कर दिया। रोहित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की खबर फैलते ही परिवार और गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया पुजारी

वहीं बहादुरपुरा के पास माटुंडा और बहादुरपुरा के बीच दोपहर साढ़े चार बजे के आसपास हुआ। बूंदी मीणा समाज मंदिर के मुख्य पुजारी मांगीलाल मीणा (55 वर्ष) अपनी पुत्री पूजा को लेकर कापरेन से बूंदी लौट रहे थे। अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को तेज स्पीड से टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में मांगीलाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि पूजा गंभीर रूप से जख्मी हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मांगीलाल को मृत घोषित कर दिया गया। पूजा का इलाज जारी है। पुजारी के निधन की दुखद खबर से मीणा समाज में सन्नाटा छा गया।

### घायल बच्चों के परिजनों से मिले लोकसभा अध्यक्ष




**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को जिले के इटावा क्षेत्र के पास एक दुर्घटना में घायल हुए बच्चों के परिवारों से मुलाकात की। शनिवार सुबह एक निजी स्कूल वैन और एसयूवी के बीच हुई टक्कर में दो छात्राओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बिरला ने कोटा के जिलाधिकारी पीयूष समारिया, कोटा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना और भाजपा नगर अध्यक्ष राकेश जैन के साथ एमबीएस अस्पताल में घायल बच्चों और उनके परिवार के सदस्यों से बातचीत की। समारिया ने संवाददाताओं को बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों ने लोकसभा अध्यक्ष को घायल छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घायलों को जल्द ही छुट्टी मिलने की उम्मीद है। तीन छात्र और एक चालक अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि एक लड़की को छुट्टी दे दी गई।

## कोटा जंक्शन पर ट्रेन से गिरे राष्ट्रीय स्तर के गोल्ड मेडलिस्ट तीरंदाज की मौत

**FAIR REPORT**
**कोटा**

महाराष्ट्र निवासी राष्ट्रीय स्तर के एक तीरंदाज की कोटा जंक्शन पर ट्रेन से कथित तौर पर गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, नासिक निवासी अर्जुन सोनवाले (20) पंजाब के बठिंडा में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद अपने साथियों और कोच के साथ घर लौट रहे थे। जीआरपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ शकूर बस्ती-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल ट्रेन से महाराष्ट्र जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे कोटा जंक्शन पर ठहराव के लिए जब ट्रेन की गति धीमी हो रही थी, अर्जुन कुछ अन्य



लोगों के साथ खाना खाने के लिए दूसरे डिब्बे में जाने के वास्ते बी4 डिब्बे के गेट पर खड़े थे, तभी वह गलती से फिसल गए तथा ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के अंतराल में गिर गए। ट्रेन के रुकने पर यात्रियों और रेल कर्मियों ने उसे बाहर निकाला तथा एमबीएस अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि बाद में, टीम में शामिल उनके दो चचेरे भाइयों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां रात में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। टीम मैनेजर अनिल कमलापुरे ने बताया कि अर्जुन स्नातक की पढ़ाई कर रहे थे और उन्होंने राज्य और राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी स्पर्धाओं में आठ स्वर्ण पदक जीते थे।

## संयम और सेवा का संदेश देता जैन गुरुदेवों का जयंती समारोह सम्पन्न

**FAIR REPORT**

**निंबाहेड़ा।** श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, निंबाहेड़ा के तत्वावधान में रविवार को जैन दिवाकर गुरुदेव श्री चौथमलजी म.सा. की जन्म जयंती एवं ज्योतिषाचार्य, उपाध्याय प्रवर पूज्य गुरुदेव श्री कस्तूरचन्दजी म.सा. की दीक्षा जयंती का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन, जैन मंदिर के पास से निकले भव्य चल समारोह से हुआ। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए आदर्श कॉलोनी स्थित जैन दिवाकर भवन पहुंची, जहां प्रातः 10 बजे गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया।



गुणानुवाद सभा में पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि पूज्य गुरुदेवों के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर हमें संयम, सेवा और संस्कार के मार्ग पर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुवर श्री चौथमलजी और कस्तूरचन्दजी म.सा. के जीवन से त्याग, तप और आत्मोन्नति की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर डॉ. जे.एम. जैन, सिद्धराज संघवी, सुशील नागौरी, शेरसिंह पारख, दिलीप पामेचा, सुरेंद्र कुमार चौधरी, लोकेन्द्र श्रीमाल, श्रीमती आजाद बम एवं श्रीमती डिम्पल मारू सहित कई वक्ताओं ने गुरुदेवों के जीवन, आध्यात्मिक योगदान एवं समाज कल्याण में उनके प्रेरणादायी कार्यों का स्मरण किया। समारोह में संघ के अध्यक्ष विजय कुमार

## सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर जिलेभर में शुरू हुए सेवा कार्य

**FAIR REPORT**

**चित्तौड़गढ़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी के जन्मदिवस पर जिलेभर में तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनसेवा, स्वच्छता और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देना है। पहले दिन भाजपा शहर अध्यक्ष सागर सोनी के नेतृत्व में छबीला हनुमान जी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर अध्यक्ष सागर सोनी ने बताया कि सांसद सी.पी. जोशी अपनी सरलता और सेवा भाव के कारण जनता में अत्यंत लोकप्रिय हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में व्यस्त होने के बावजूद कार्यकर्ता उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों के रूप में मना रहे हैं। स्वच्छता अभियान में रघु शर्मा, हर्षवर्धन सिंह रूद, सुशील शर्मा, गौरव त्यागी, शिवप्रकाश मंत्री, चंद्रशेखर सोनी, शांतनु काबरा, इंदिरा सुखवाल, दीपक शर्मा, हरीश गुरनानी, विष्णु सेन, नंदकिशोर लोहार, मोहित पुरी, शुभम सुखवाल, अल्का चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, पंकज सेन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि सांसद जोशी के प्रेरणादायी नेतृत्व में स्वच्छता और समाजसेवा के कार्यों को और गति दी जाएगी। आने वाले दो दिनों तक जिले के विभिन्न मंडलों में भी सेवा और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## 'हुतात्मा दिवस' पर चित्तौड़गढ़ में हुआ विशाल रक्तदान शिविर , युवाओं में दिखा उत्साह

**FAIR REPORT**

**चित्तौड़गढ़।** 'हुतात्मा दिवस' के अवसर पर देशभर में आयोजित राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के तहत चित्तौड़गढ़ में शनिवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में साँवलिया जी राजकीय चिकित्सालय में सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष किशन पिछोलिया ने बताया कि यह आयोजन देश, समाज और धर्म के लिए बलिदान देने वाले हुतात्माओं की पवित्र स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से हम सेवा, सुरक्षा और संस्कार के भाव को मजबूत कर रहे हैं। शिविर का शुभारंभ




गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक सत्यनारायण जी, संत यती जी महाराज, विभाग मंत्री विश्वनाथ टांक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को राष्ट्रसेवा का सर्वोच्च रूप बताया। रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। निर्धारित समय के बाद भी अनेक युवा रक्तदान के लिए पंक्ति में डटे रहे। आयोजन में नगर संयोजक पंकज जीनगर, नगर मंत्री अभिनन्दन काबरा, विभाग संयोजक योगेश दशोरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में मनोज सोनी, चंद्रशेखर सोनी, मनोज साहू, मुदित मेनारिया, शिवानी साहू, दीपिका छिपा, सपना कीर, अंजलि सेन, राधा काबरा, विक्रम गवारिया, अंकुर सिंह भाटी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

VISION INDIA

FAIR REPORT 04

# Operation Chakravyuh: Police Foil Major Drug Trafficking Attempt Hidden in Soybean Husk – ₹50 Lakh Worth of Doda Chura Seized, Two Arrested

**By Staff Correspondent | Jaipur, November 2**

In a significant breakthrough under Operation Chakravyuh, Pratapgarh Police have successfully intercepted a large-scale narcotics smuggling attempt, seizing 331 kilograms of illegal Doda Chura, worth nearly 50 lakh in the international market. The operation, executed jointly by the District Special Team (DST) and Jaloda Jagir Police, also led to the arrest of two drug traffickers and the seizure of a tractor-trolley used in transportation.

Acting on specific intelligence received by DST in-charge, the operation was launched under the directives of Superintendent of Police B. Aditya. The team, led by Station House Officer Mangilal of Jaloda Jagir Police Station, set up a strategic checkpoint on the Chhoti Sadri–Satola main road near Deoli border.

During the blockade, police noticed a tractor-trolley driver attempting to turn back abruptly upon spotting the checkpoint — a move that raised immediate suspicion. Upon inspection, the team uncovered 17 black-and-white plastic bags concealed beneath layers of soybean husk. The bags contained the banned substance, Doda Chura, weighing 331.870 kilograms in total.

The arrested accused were identified as Bhaiyalal Aanjana (27), son of Bhagirath, and Gopal Sharma (42), son of Ramlal, both residents of Sakariya village under Rathanjana Police Station limits.

A case has been registered under the relevant sections of the NDPS Act at Jaloda Jagir Police Station, and further investigation is underway to trace the broader supply network and financiers behind the consignment.

SP B. Aditya praised the coordinated efforts of the Additional Superintendent of Police, Pratapgarh, and Circle Officer Chhoti Sadri, Gajendra Singh Rao, whose strategic guidance proved crucial. The operation was carried out under the leadership of SHO Mangilal and DST In-charge ASI Pannalal, supported by the dedicated personnel of DST and Jaloda Jagir Police. This decisive action once again demonstrates the Rajasthan Police's zero-tolerance policy toward narcotics trafficking and reinforces their commitment to dismantling organized drug networks operating under deceptive covers in rural regions.

## Massive Accident on Gogunda–Pindwara Highway

# Coal-Laden Trailer Falls Into Gorge, Driver Dies on the Spot, Vehicle Catches Fire

FAIR REPORT

**Udaipur:** A major accident occurred late Sunday night in the Gogunda area of Udaipur district. On the Gogunda–Pindwara Highway near Hotel Shiv Shakti in Khakhri, a coal-laden trailer lost control around 1:30 am, crashed into the divider, and plunged nearly 20 feet into a deep gorge. The trailer driver, Mukesh Meena, died on the spot due to the severe impact.

As soon as the trailer fell, it caught fire and was engulfed in flames within minutes. Upon receiving the information, Highway Patrolling officer Bhagwat Singh Jhala, Highway Ambulance staff member Kushvardhan Singh Jhala and EMT Amrit Meghwal, along with Gogunda SHO Karna Ram and police personnel, rushed to the spot. A fire brigade from Udaipur was called in, and after a strenuous effort, the flames were brought under control.

Rescue teams struggled for a long time to retrieve the body from the gorge. The body was then sent to the morgue of Gogunda Hospital with the help of the highway ambulance. According to initial information, the trailer was transporting coal from Pindwara to Udaipur when the accident took place.

It is reported that the driver was thrown out of the cabin upon impact and fell into the 20-foot-deep gorge, leading to his immediate death. Police have informed the victim's family, and the postmortem will be conducted after their arrival.

## Chief Election Commissioner Gyanesh Kumar Honoured with IIT Kanpur's Distinguished Alumni Award

FAIR REPORT

**New Delhi:** In a proud moment for India's civil service and academia alike, Chief Election Commissioner (CEC) Shri Gyanesh Kumar has been conferred the Distinguished Alumni Award by the Indian Institute of Technology (IIT) Kanpur for his exemplary contributions to governance, leadership, and public administration. The prestigious honour was presented during the institute's annual alumni day ceremony, where Gyanesh Kumar was lauded for his decades of dedicated service to the nation, embodying the highest values of integrity, innovation, and institutional reform. A 1988-batch IAS officer of the Kerala cadre, Shri Kumar has held several key positions in the Ministry of Home Affairs, the Cabinet Secretariat, and the Election Commission of India. His leadership during the 2024 general elections and his commitment to strengthening electoral transparency have been widely recognized as milestones in India's democratic journey.

Speaking on the occasion, the IIT Kanpur Director commended Kumar's "visionary approach to governance and his ability to bridge technology and public policy." The award celebrates not only his professional achievements but also his contribution to promoting ethical governance and citizen trust in institutions. Shri Gyanesh Kumar, an alumnus of IIT Kanpur's 1984 batch, expressed gratitude to his alma mater, stating that IIT Kanpur "instilled in him the spirit of inquiry, discipline, and service that continues to guide his public life."

# The Taj Story: A Mirror to the Manipulated Past



***Hemraj Tikam chand Tiwari***

*Journalist*



Last night, I watched The Taj Story — a film that doesn't merely tell a story; it dares to unmask one. It questions what generations of Indians have been conditioned to believe about their own civilization, their heroes, and their heritage. The movie is not perfect — but it provokes, and that is its greatest strength. For decades, the writing of Indian history has been filtered through colonial eyes and political convenience. From Macaulay's educational blueprint to the selective narratives promoted after Independence, India's past has often been edited, trimmed, and tilted. The Taj Story hits precisely at that discomfort — it forces us to confront whether we've been reading history or just the victors' version of it. The film's premise is bold: it reopens the age-old debate surrounding the Taj Mahal's origins, suggesting that beneath its marble splendor might lie a forgotten chapter. The story unfolds like an archaeological inquiry but moves like a political thriller — intense, dramatic, and at times unsettling. Paresh Rawal delivers a commanding performance, portraying a man torn between curiosity and consequence. His dialogue delivery and emotional restraint bring depth to the narrative. Technically, the film is well shot — the cinematography captures not just the monument's beauty but the burden of questions it carries.

However, The Taj Story also struggles under the weight of its own ambition. It raises powerful questions but doesn't always ground them in strong evidence. The line between exploration and assertion often blurs. And that's where a discerning viewer must separate sentiment from scholarship.

But let's not forget — questioning history is not rebellion; it's responsibility. For too long, we've allowed selective ideologies to define what India was, while ignoring what India truly is — a civilization older than conquest, deeper than propaganda, and resilient against distortion.

Whether or not you agree with the film's claims, you cannot ignore its intent. It shakes complacency, it revives debate, and it reminds us that a nation that forgets its real history begins to forget itself. In the end, The Taj Story is not about the Taj Mahal alone — it's about reclaiming the courage to ask. Because truth, no matter how deeply buried, has a way of shining through marble and myth alike. Verdict: Provocative, imperfect, but necessary — a wake-up call to rethink what we've been told.

## Rajasthan Leading in Implementation of New Criminal Laws, Says CM Bhajanlal Sharma

FAIR REPORT

**Jaipur:** Chief Minister Bhajanlal Sharma on Sunday asserted that the judiciary is the strongest pillar of democracy, ensuring justice and equality in society. Addressing the inauguration of the newly constructed Bar Council of Rajasthan building in Jodhpur via video conference, the Chief Minister said that a robust judicial system is the foundation of citizens' security and public trust. He emphasized that with the implementation of three new criminal laws — the Bharatiya Nyaya Sanhita, Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, and Bharatiya Sakshya Adhiniyam — Rajasthan is becoming a front-runner in judicial reforms, ensuring faster and fairer justice delivery. Highlighting the state government's initiatives, Sharma announced the creation of new courts at the district level and speedy appointment of judges to strengthen access to justice. He reaffirmed that the government is fully committed to the welfare of advocates and the institutional strengthening of bar councils. "Advocates are the architects of justice — their intellect, integrity, and commitment uphold the public's faith in the judicial system," Sharma said, adding that this trust is democracy's greatest strength. The event was attended by Supreme Court Justice Sandeep Mehta, Justice Vijay Bishnoi, Acting Chief Justice Sanjiv Prakash Sharma, and senior legal dignitaries.

# Major Police Operation in Udaipur District: 245 Accused Arrested

FAIR REPORT

**Udaipur.** A major crackdown on criminal activities was carried out across Udaipur district under the direction of Inspector General of Police, Udaipur Range, Gaurav Srivastava, and Udaipur Superintendent of Police, Yogesh Goyal. The special operation aimed at curbing crime, arresting wanted offenders, and strengthening area dominance. The operation began early morning on November 2, 2025, with sudden checks and coordinated raids conducted by multiple police teams.

Under the supervision of Additional SP (Headquarters) Gopal Swaroop Mewada, Additional SP (Kherwada) Anjana Sukhwal, and all circle officers, more than 91 teams were formed across various police stations. Over 405 police officers and personnel participated in the massive operation, simultaneously conducting raids at more than 530 locations in the district. A total of 245 accused individuals were arrested during the operation. Among them were 72 wanted criminals involved in serious offenses such as permanent/arrest warrants, Arms Act and NDPS Act violations, robbery, attempted murder, Excise Act cases, and other major crimes. Additionally, 160 individuals were detained under preventive action through newly implemented legal provisions. During the campaign, nine cases were registered under the Excise Act, leading to the arrest of seven accused, while six more individuals were taken into custody under other legal acts. Police also conducted raids on the homes of 45 history-sheeters and interrogated them.



## For the Industrial Development Story

FAIR REPORT

**Jaipur:** Rajasthan is moving decisively towards becoming a hub of industrial innovation and investment under the leadership of Chief Minister Bhajanlal Sharma, who has approved significant land allocations to the Rajasthan State Industrial Development and Investment Corporation (RIICO) for new industrial projects across Bhilwara, Didwana-Kuchaman, and Phalodi districts. The Chief Minister's approval marks another milestone in the state's ongoing mission to enhance industrial capacity, generate employment, and attract large-scale investments. As part of the decision, 20.80 hectares of land in village Kodia, tehsil Kotri (Bhilwara) has been sanctioned to RIICO for the establishment of a new industrial area, aimed at creating fresh opportunities for local entrepreneurs and industries. Further, 71.59 hectares of land in village Bhakhri Moullas, tehsil Parbatsar (Didwana-Kuchaman) has been allotted for upcoming industrial ventures, signaling a strong push towards balanced regional industrial growth. Additionally, in Phalodi district, 49.82 hectares of land across villages Hajisagar and Tenanadi (tehsil Aau) have been approved to foster industrial activity in western Rajasthan — a move expected to boost local economies and infrastructure development.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**